# दीपावली से पहले मिलेगी निवेश व रोजगार की सौगात

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी दीपावली से पहले होगी। दीपावली से पहले प्रदेश को लाखों करोड़ के निवेश और युवाओं को लाखों रोजगार की सौगात मिलेगी। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

**मुख्य सचिव ने कहा, दीपावली से पहले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी प्रस्तावित**

मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी हर एक एमओयू की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। निवेशक से सतत संवाद बनाकर उनकी जरूरतों, अपेक्षाओं का तत्काल समाधान कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षात्मक विकास खंडों की समीक्षा कर पोर्टल पर हर माह की 15 तारीख तक इंडीकेटर्स का प्रामाणिक डाटा अपलोड करें। उन्होंने ग्राम सभा की साप्ताहिक बैठक करने और क्षेत्र पंचायत का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आकांक्षात्मक विकास खंडों में शत-प्रतिशत अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए। ब्यूरो

## इंडोनेशिया भी प्रदेश में निवेश का इच्छुक

लखनऊ। इंडोनेशिया की राजदूत इना एच कृष्णमूर्ति ने बुधवार को मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश में निवेश के संबंध में चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए माहौल अनुकूल है। यूपी आज दुनिया भर के निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है। प्रदेश सरकार निवेशकों को सभी जरूरी सुविधाएं व प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में सड़कें, एयर कनेक्टिविटी, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, अवस्थापना सुविधाएं व पर्याप्त मात्रा में भूमि बैंक उपलब्ध है। इंडोनेशिया के निवेशकों के लिये यह अच्छा अवसर है। मुख्य सचिव ने इंडोनेशिया की राजदूत को ओडीओपी उत्पाद भी भेंट किया। इस अवसर पर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

